CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 335 □ रायपुर, मंगलवार 30 दिसम्बर 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बस्तर में नक्सलियों की रणनीति ध्वस्त, 2025 में हथियारों और आईईडी पर फोर्स का सबसे बड़ा वार

**जगदलपुर,** 30 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बस्तर संभाग में साल 2025 नक्सल इतिहास में नक्सलियों के लिए अब तक का सबसे भारी साबित हो रहा है. जंगलों में सक्रिय नक्सल नेटवर्क को इस साल फोर्स ने सीधे तौर पर उसकी सबसे बड़ी ताकत हथियार और आईईडी नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है. सबसे ज्यादा हथियार और हथियार बनाने के मशीन करेगुट्टा के पहाड़ियों से बरामद हुआ है. आंकड़े खुद कहानी बयान कर रहे हैं. एक साल के भीतर फोर्स ने माओवादियों से 665 हथियार और करीब 995 आईईडी बरामद कर नक्सल रणनीति की रीढ़ तोड़ दी है. यह पिछले वर्षों की तुलना में दोगुनी से अधिक सफलता मानी जा रही है।

खास बात यह रही कि इस बार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने भी बड़ी संख्या में हथियारों के साथ सरेंडर किया, जो यह साफ संकेत देता है कि संगठन के भीतर दबाव लगातार बढ़ रहा है. अलग-अलग मुठभेड़ों में मारे गए नक्सलियों के पास से भी फोर्स को एके-47, एलएमजी जैसे अत्याधुनिक हथियार हाथ लगे हैं. इसके अलावा जंगलों में लंबे समय से डंप कर छिपाए गए हथियारों को भी फोर्स ने रिकवर किया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी के मुताबिक, जब्त किए गए 665 हथियारों में करीब 250 हथियार अत्याधुनिक श्रेणी के हैं, जो नक्सलियों की बड़ी साजिशों का हिस्सा थे.



इतना ही नहीं, फोर्स ने नक्सलियों की सबसे खतरनाक रणनीति आईईडी वार को भी काफी हद तक निष्क्रिय किया है. ऑपरेशन के दौरान 950 से ज्यादा प्रेशर और रिमोट (केबल) आईईडी बरामद की गई हैं, जो जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट की गई थीं। वरिष्ठ पत्रकारों और सुरक्षा जानकारों का मानना है कि माओवादी लंबे समय से सीधे हमलों से बचते हुए आईईडी के जरिए फोर्स को नुकसान पहुंचाने की रणनीति पर काम कर रहे थे, लेकिन अब वही रणनीति फेल होती नजर आ रही है. बस्तर में लगातार बढ़ती यह कार्रवाई यह संकेत दे रही है कि माओवादी न सिर्फ हथियारों के मोर्चे पर कमजोर पड़ रहे हैं, बल्कि उनका मनोबल भी टूट रहा है।

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया नहीं रही

**नई दिल्ली,** 30 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश की राजनीति में एक ऐतिहासिक युग का अंत हो गया है। संघर्ष, सत्ता, साहस और जिद की प्रतीक रहीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि बीएनपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक आधिकारिक पोस्ट के जरिए की। पार्टी ने बताया कि लंबे समय से चली आ रही गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उन्होंने अंतिम सांस ली। खालिदा जिया का निधन केवल एक नेता के जाने की खबर नहीं है, बल्कि यह बांग्लादेश की राजनीति के उस दौर का पटाक्षेप है, जिसमें सत्ता दो ध्रुवों खालिदा जिया और शेख हसीना के इर्द-गिर्द घूमती रही। दशकों तक देश की राजनीति इन्हीं दो नामों के बीच संघर्ष, टकराव और सत्ता परिवर्तन की कहानी कहती रही। खालिदा जिया बीते कई वर्षों से गंभीर बीमारियों से जूझ रही थीं। उन्हें जिगर (लिवर), किडनी, मधुमेह, गठिया और आंखों से जुड़ी समस्याएं थीं। उनकी सेहत लगातार गिरती जा रही थी और उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसी साल 6 मई को वह इलाज के लिए लंदन से भारत के रास्ते बांग्लादेश लौटी थीं, जहां उन्होंने करीब चार महीने तक उन्नत चिकित्सा उपचार लिया।



### मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर शोक जताया। उन्होंने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में उनकी भूमिका का जिक्र करते हुए करीब 10 साल पहले हुई पहली मुलाकात की स्मृतियां भी साझा कीं। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर साल 2015 में खालिदा जिया के साथ हुई मुलाकात और बातचीत की तस्वीरें साझा कर पूर्व प्रधानमंत्री के चाहने वालों और परिजनों के लिए संबल की कामना भी की।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पंडित से नहीं मिल पाने पर युवती ने की नस काटने की कोशिश

**दुर्ग,** 30 दिसंबर (हाईवे चैनल)। भिलाई के जयंती स्टेडियम में चल रहे बागेश्वर वाले पंडित धीरेंद्र शास्त्री के कथा के तीसरे दिन युवती ने कलाई की नस काटने की कोशिश की। समय रहते लोगों ने उसकी बचा ली। बताया जा रहा कि पंडित जी से नहीं मिल पाने के कारण युवती ने यह कदम उठाया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा। इस मामले में कथावाचक पंडित धीरेंद्र शस्त्री ने भक्तों से अपील की है कि इस तरह के गलत कदम न उठाएं। सामूहिक अर्जी के माध्यम से सबकी अर्जी हनुमान जी तक पहुंचा दी जाएगी। बड़ी बात यह है कि दो दिन पहले घटी इस घटना की दुर्ग पुलिस को भी भनक तक नहीं लगी।

### जंगल से नीम की पत्तियां लाने गया ग्रामीण पर तेंदुए ने किया हमला

**डोंगरगढ़,** 30 दिसंबर (हाईवे चैनल)। डोंगरगढ़ थाना के मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोझरी में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जंगल से नीम की पत्तियां लेने गए एक ग्रामीण पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया. हमले में ग्रामीण केजउ राम कंवर गंभीर रूप से घायल हो गया. तेंदुए के पंजों से सिर पर गहरी चोट आने के बाद परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह कोई पहली घटना नहीं है. डोंगरगढ़ वन परिक्षेत्र में बीते कुछ समय से तेंदुए की गतिविधियां लगातार सामने आती रही हैं.

## कांकेर में फिर बवाल: ग्रामीणों की अपील को धर्मांतरित परिवारों ने ठुकराया तो गुस्साए लोगों ने दर्जन भर घरों और प्रार्थना गृह में की तोड़फोड़

**कांकेर,** 30 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बस्तर संभाग के कांकेर जिले के आमाबेड़ा तहसील में धर्मांतरण को लेकर चला आ रहे विवाद ने एक बार फिर हिंसक रूप ले लिया। ग्राम पंचायत बड़े तेवड़ा से शुरू हुआ मामला शांत होता नजर आ रहा था, लेकिन ग्राम पंचायत उसेली के आश्रित ग्राम पुसागांव में हुई तोड़फोड़ की घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया।



दरअसल इस मुद्दे पर पुसागांव में ग्रामीणों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें धर्मांतरित परिवारों से घर वापसी को लेकर चर्चा की गई। ग्रामीणों की अपील को धर्मांतरित परिवारों द्वारा ठुकराए जाने के बाद स्थिति अचानक बिगड़ गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव में रह रहे धर्मांतरित परिवारों के कुल 12 घरों और एक प्रार्थना गृह में जमकर तोड़फोड़ की। इस घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने हस्तक्षेप कर उपद्रवियों को खदेड़ा और हालात को काबू में लिया। फिलहाल पुसागांव में शांति बनी हुई है और यहां पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सर्व समुदाय अध्यक्ष मनऊ गोटा ने कहा कि हमने सभी से संयम बरतने की अपील की है, हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं है। जो भी परिस्थिति बनेगी, उस पर शासन-प्रशासन से चर्चा कर शांतिपूर्ण रास्ता निकाला जाएगा। कांकेर एसपी निखिल कुमार राखेचा ने बताया कि 200 की संख्या में पुलिस जवानों को गांव में तैनात किया गया है। कुछ घरों के खपरैल बाउंड्रीवाल में लगे खपरैल को तोड़ने का प्रयास किया गया। वहीं अब गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आत्मीय स्वागत



**रायपुर,** 30 दिसम्बर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के जशपुर आगमन पर आगडीह हवाई पट्टी में राज्यपाल रमेन डेका, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

## गणतंत्र दिवस के लिए छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन



**कर्तव्य पथ पर दिखेगा जनजातीय वीर नायकों को समर्पित देश का पहला डिजिटल संग्रहालय**

**रायपुर,** 30 दिसम्बर। गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर जनजातीय वीर नायकों को समर्पित देश के पहले डिजिटल संग्रहालय की झलक देखने को मिलेगी। रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के लिए छत्तीसगढ़ की झांकी का चयन किया है।

इस डिजिटल संग्रहालय का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पर नवा रायपुर अटल नगर में किया था। झांकी के चयन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बधाई देते हुए कहा छत्तीसगढ़ की झांकी के माध्यम से आदिवासी समाज की देशभक्ति, अद्भुत वीरता और अपने सिद्धांतों के लिए प्राण न्योछावर करने की परंपरा पूरे देश को देखने को मिलेगी। यह हमारे राज्य के लिए गर्व और उत्साह का विषय है। जनसंपर्क विभाग के सचिव रोहित यादव ने बताया कि सभी राज्यों द्वारा झांकी का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेजा गया था। चार महीने के लंबे चयन प्रक्रिया के बाद 17 राज्यों की झांकियों को अंतिम चयन में जगह मिली है, जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। विशेषज्ञ समिति ने झांकी की विषयवस्तु और डिजाइन को बेहद सराहा और इसे अंतिम स्वीकृति दी। जनसम्पर्क आयुक्त रवि मित्तल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की झांकी भारत सरकार की थीम 'स्वतंत्रता का मंत्र ङ्क वंदे मातरम' पर आधारित है। छत्तीसगढ़ की झांकी में आदिवासी समाज के उन वीर नायकों के बलिदान को दिखाया गया है, जिनके सम्मान में देश का पहला डिजिटल संग्रहालय बनाया गया है। उन्होंने बताया डिजिटल संग्रहालय जनजातीय विद्रोहों की वीरता, एकजुटता और स्वतंत्रता के प्रति समर्पण को नई पीढ़ी तक रोचक और प्रेरणादायक रूप में पहुंचाता है। जनसंपर्क अधिकारियों के अनुसार, छत्तीसगढ़ की झांकी की थीम और डिजाइन जनसंपर्क आयुक्त के मार्गदर्शन में तैयार की गई।




**चूहा- सुनती हो, कुलदीप सेंगर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलट दिया।**

**चुहिया- हां जी, सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट के बीच क्रिकेट मैच चलते रहता है।**

## किसान के टोकन पर व्यापारी खपा रहा था अपना धान, एसडीएम ने पकड़ा रंगे हाथ

**जगदलपुर,** 30 दिसंबर (हाईवे चैनल)। बस्तर में धान के अवैध परिवहन के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत बकावंड के एसडीएम मनीष वर्मा ने बड़ी कार्रवाई की। यहां धान खरीदी केंद्र करपावंड के औचक निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने व्यापारी और किसान की मिलीभगत से चल रहे एक बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया, जिसमें किसान के टोकन पर व्यापारी का धान खपाने का प्रयास किया जा रहा था।




■ धान घोटाला उजागर

मामले की जांच में यह खुलासा हुआ कि जिस टोकन पर धान बेचा जा रहा था, वह कृषक उपेन्द्र भारती पिता अर्जुन भारती के नाम पर थ। जमीनी हकीकत यह थी कि कृषक उपेन्द्र भारती आजीविका के सिलसिले में हैदराबाद में रह रहा हैं और उसकी जमीन पर खेती उसके भाई लखीधर भारती द्वारा की जा रही थी। लखीधर ने अपनी उपज के लिए 182 क्विंटल का टोकन कटवाया था, लेकिन खेत में वास्तविक उत्पादन केवल 100 क्विंटल ही हुआ। टोकन में बचे 80 क्विंटल के अंतर का गलत फायदा उठाने के लिए व्यापारी राजेश गुप्ता ने साजिश रची। व्यापारी ने मंडी करपावंड से ही धान अपने दो वाहन क्रमांक सीजी 17 केवाय 7204 और सीजी 17 केजे 9389 में लोड करवाया और ड्राइवरों के हाथ में उपेन्द्र भारती के टोकन की फोटोकॉपी थमाकर उसे खरीदी केंद्र भेज दिया। मौके पर पहुंची प्रशासन की टीम ने जब कड़ाई से पूछताछ की, तो ड्राइवर और किसान के भाई ने पूरा सच स्वीकार कर लिया। उनकी स्वीकारोक्ति के बाद एसडीएम मनीष वर्मा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध धान से भरे दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और उन्हें आगामी कार्यवाही हेतु थाना करपावंड के सुपुर्द कर दिया गया है।

## मेले में कांग्रेस पार्षद समेत दो लोगों पर चाकू से हमला, 2 गिरफ्तार

**बालोद,** 30 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिले से चाकूबाजी की वारदात सामने आई है. दल्लीराजहरा से डौंडीलौहारा के मड़ई मेला देखने पहुंचे कांग्रेस पार्षद समेत 2 लोगों पर चाकू से हमला हो गया. घायलों को गले और सिर पर गंभीर चोट आई है, जिनका फिलहाल अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक, दल्लीराजहरा से 6 युवक मड़ई मेला देखने के लिए सोमवार को डौंडीलोहारा गए हुए थे. इस दौरान युवकों की दूसरे गुट से किसी बात पर बहस हो गई. अचानक भरे मेले में आरोपियों ने युवकों पर चाकू से वार कर दिया. हमले में दल्लीराजहरा के वार्ड 16 पार्षद पावेंद्र कोडप्पा और एक अन्य घायल हो गया. उन्हें पेट, गले और सिर पर गंभीर चोट आई है।




CMYK